Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 05-12-2006

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

an>

Title: Need to establish refinery for petro-products in Western Rajasthan to exploit the petroleum and gas reserves of the region.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) उपाध्यक्ष महोदय, भारत सरकार की पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस की नई अन्वोण लाइसेंसिंग नीति के अन्तर्गत देशी एवं विदेशी कंपनियों को देश के विभिन्न क्षेत्रों में जो तेल एवं गैस की खोजबीन करायी है उसमें राजस्थान के बाड़मेर इलाके में आन्ध्र प्रदेश के कृणा नदी के बेसिन आदि क्षेत्रों में तेल एवं गैस के भारी भंडार मिले हैं। इसी के अन्तर्गत केयर्न एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर क्षेत्र में बड़ी भारी सफलता मिली है और यहां प्रचुर मात्रा में तेल एवं प्राकृतिक गैस के भंडारों का पता लगाया है। कंपनी की योजना है कि 2009 से राजस्थान में तेल खोजों के प्रयास के माध्यम से लगभग 6 एमएमटी कच्चे तेल का उत्पादन किया जाए और इसी संदर्भ में भारत सरकार ने ओएनजीसी लिमिटेड को सम्पूर्ण बाड़मेर क्रूड खरीदने के लिए नामजद किया है। परन्तु खेद है कि ओएनजीसी लिमिटेड और केयर्न एनर्जी के बीच में क्रूड ऑयल सेल्स एग्रीमैंट पर हस्ताक्षर नहीं हो पाए हैं जिस के कारण बाड़मेर क्षेत्र में तेल के वाणिज्यिक उत्पादन में देरी हो रही है।

मान्यवर, देश के कई राज्यों में जहां तेल का तनिक मात्र भी उत्पादन नहीं होता वहां पर भी उत्तर प्रदेश के मथुरा, पंजाब के भटिंडा आदि स्थानों पर कांडला तथा मुम्बई से पाइप लाइनों द्वारा कच्चा तेल पहुंचा कर वहां रिफाइनरीज (तेल शोधिका) की स्थापना की गई है। राजस्थान के बाड़मेर में तेल का वाणिज्यिक उत्पादन होने के साथ ही यहां से रिफाइनरी की स्थापना भी अत्यन्त आवश्यक है। रिफाइनरी के अभाव में पश्चिमी राजस्थान के रेगिस्तानी इलाके का आर्थिक विकास अवरुद्ध हो जाएगा।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर क्षेत्र में पाए जाने वाले तेल एवं प्राकृतिक गैस के वाणिज्यिक उत्पादन को शीघ्र आरम्भ करते हुए तेल शोधन एवं तेल आधारित उद्योग की स्थापना के लिए रिफाइनरी (तेल शोधिका) की अविलम्ब स्थापना करने की धोाणा कर उसे क्रियान्वित किया जाए।